# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 03 अगस्त, 2020


drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-03-august-2020

## भारत एयरफाइबर

### BHARAT AIRFIBER

02 अगस्त, 2020 को केंद्रीय संचार मंत्री ने महाराष्ट्र के अकोला में 'भारत एयर फाइबर सेवाओं' (BHARAT AIRFIBER SERVICES) का उद्घाटन किया।

> इन सेवाओं के माध्यम से महाराष्ट्र के अकोला एवं वाशिम ज़िले में वायरलेस इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा पहुँचाई जा सकेगी।




## प्रमुख बिंदु:

भारत एयर फाइबर सेवाएँ **भारत संचार निगम लिमिटेड** (BSNL) द्वारा भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहलों के एक हिस्से के रूप में प्रस्तुत की गई हैं और इनका लक्षय BSNL की मौजूदगी वाले स्थान से 20 किमी. के दायरे में वायरलेस इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।

गौरतलब है कि BSNL स्थानीय 'टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर पाटनर्स' (TIP) की सहायता से सस्ती इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध कराती है।

## भारत एयर फाइबर सेवाओं की विशेषता:


- ये सेवाएँ विशिष्ट हैं क्योंकि BSNL इन सेवाओं में असीमित नि:शुल्क वायस कॉलिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।
- इन सेवाओं में BSNL, 100 mbps स्पीड तक की भारत एयर फाइबर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है।
- उल्लेखनीय है कि COVID-19 के दौरान जुलाई, 2020 में BSNL ने महाराष्ट्र सर्किल में 15000 FTTH कनेक्शन तथा पूरे भारत में 162000 FTTH कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं।




## मोतियाबिंद

## Cataract

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के तहत एक स्वायत्त संस्थान 'नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान' (Nano Science & Technology- INST) के वैज्ञानिकों ने 'नॉनस्टेरोइडल एंटी-इन्फ्लेमेट्री ड्रग' (Nonsteroidal Anti-inflammatory Drug-NSAID) '**एस्पिरिन**' (Aspirin) से **नैनोरॉड** (Nanorods) विकसित किये हैं।




## 'एस्पिरिन' (Aspirin):

'एस्पिरिन' दर्द, बुखार या सूजन को कम करने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली एक लोकप्रिय दवा है और इसे मोतियाबिंद के खिलाफ एक प्रभावी गैर-आक्रामक छोटे अणु-आधारित नैनोथेराप्यूटिक्स (Nanotherapeutics) के रूप में पाया जाता है।

## ‘मोतियाबिंद’ (Cataract):

मोतियाबिद अंधापन का एक प्रमुख रूप है, यह तब होता है जब क्रिस्टलीय प्रोटीन की संरचना जो हमारी आँखों में लेंस का निर्माण करती है, खराब हो जाती है जिससे क्षतिग्रस्त या अव्यवस्थित प्रोटीन संगठित होकर एक नीली या भूरी परत बनाता है जो अंततः लेंस की पारदर्शिता को प्रभावित करता है।

## ‘जर्नल ऑफ मैटेरियल्स केमिस्ट्री बी’ (Journal of Materials Chemistry B):


‘नैनोरॉड’ (Nanorods) से संबंधित INST के वैज्ञानिकों के इस शोध को ‘जर्नल ऑफ मैटेरियल्स केमिस्ट्री बी’ (Journal of Materials Chemistry B) में प्रकाशित किया गया है जो किफायती एवं कम जटिल तरीके से मोतियाबिद को रोकने में मदद कर सकता है।

## ‘एस्पिरिन नैनोरॉड’ (Aspirin Nanorods):

- एस्पिरिन नैनोरॉड क्रिस्टलीय प्रोटीन और इसके विखंडन से प्राप्त विभिन्न पेप्टाइड्स के एकत्रीकरण को रोकते हैं जो मोतियाबिंद के गठन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
  ये जैव आणविक प्रक्रिया के माध्यम से प्रोटीन/पेप्टाइड के एकत्रीकरण को रोकते हैं।
- ‘एस्पिरिन नैनोरॉड’ आणविक स्व-संयुग्मन की प्रक्रिया का उपयोग करके उत्पादित किये जाते हैं जो आम तौर पर नैनोकणों के संश्लेषण के लिये उपयोग की जाने वाली उच्च लागत और श्रमसाध्य भौतिक विधियों की तुलना में एस्पिरिन नैनोरॉड उत्पन्न करने के लिये सस्ती एवं प्रभावी तकनीक है।

## महत्त्व:

आसान और कम लागत वाली इस उपचार पद्धति से विकासशील देशों में उन रोगियों को लाभ होगा जो मोतियाबिद के महंगे उपचार के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते हैं।





---

## SKOCH गोल्ड अवार्ड

## SKOCH Gold Award

हाल ही में भारत सरकार के **जनजातीय कार्य मंत्रालय** (Ministry of Tribal Affairs) को ‘मंत्रालय के छात्रवृत्ति प्रभाग की IT सक्षम छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से आदिवासियों के सशक्तीकरण’ के लिये **‘SKOCH गोल्ड अवॉर्ड’** (SKOCH Gold Award) प्रदान किया गया।




## प्रमुख बिंदु:

यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित 66वीं SKOCH 2020 प्रतियोगिता का एक भाग है जिसका शीर्षक 'डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से COVID-19 का मुकाबला कर रहा भारत' था और जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 'डिजिटल इंडिया एंड ई-गवर्नेंस-2020' प्रतियोगिता में भाग लिया था।

- 'डिजिटल इंडिया' को बढ़ावा देने और ई-गवर्नेंस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जनजातीय कार्य मंत्रालय ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) मिशन के अंतर्गत सभी 5 छात्रवृत्ति योजनाओं को 'DBT पोर्टल' के साथ एकीकृत किया है।
- वर्ष 2019-20 के दौरान, सभी 5 छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत 31 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 30 लाख छात्रों के बैंक खातों में लगभग 2500 करोड़ रुपए DBT के माध्यम से भेजे गये थे।

## 'SKOCH गोल्ड अवॉर्ड' (SKOCH Gold Award):

- SKOCH अवार्ड की शुरुआत वर्ष 2003 में की गई थी।
- यह पुरस्कार भारत को बेहतर राष्ट्र बनाने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने वाले व्यक्तियों, परियोजनाओं तथा संस्थानों को प्रदान किया जाता है।
- यह किसी स्वतंत्र संगठन (SKOCH फाउंडेशन) द्वारा प्रदान किया जाने वाला देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- यह पुरस्कार डिजिटल, वित्तीय एवं सामाजिक समावेशन के क्षेत्र में किये गए सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के लिये प्रदान किया जाता है।